an>

Title: Need to set up a Kendirya Vidyalaya in Jalaun district of Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) ः अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे ज़ीरो ऑवर में एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। महोदया, मेरे क्षेत्र के जालौन, गलौटा और भुगनीपुर तीन जिलों - झांसी, जालौन और कानपुर देहात के अंतर्गत आते हैं। हमारे जनपद जालौन में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई केंद्रीय विद्यालय नहीं है। हमें अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए या तो झांसी भेजना पड़ता है या फिर कानपुर में एडमिशन कराना पड़ता है। हमारे केंद्रीय सशक्त बलों के जवान सबसे ज्यादा वहां नौकरियां करते हैं।

मेरी केन्द्र सरकार से माँग है कि वहाँ एक केन्द्रीय विद्यालय खोला जाये, जिससे वहाँ बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा सके और बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करके आगे बढ़ सकें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।